भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 362
28/11/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

देश में मौसम रडार बढ़ाने के लिए कदम

362 # डा. कल्पना सैनी:
श्री बाबू राम निषाद:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मिशन मौसम के अंतर्गत पूर्वानुमान प्रणाली की सटीकता बढ़ाने के लिए देश में मौसम रडारों की संख्या बढ़ाने के लिए उपाय किए हैं; यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) मिशन मौसम के क्या उद्देश्य हैं; और
(ग) क्या सरकार द्वारा ऐसे कोई प्रयास किये जा रहे हैं जिससे लोगों तक मौसम की जानकारी जल्द से जल्द पहुंचाई जा सके?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी हां। हाल ही में शुरू किए गए मिशन मौसम का उद्देश्य पूरे देश में पूर्ण रेडार कवरेज के लिए डॉपलर मौसम रेडार (डीडब्ल्यूआर) नेटवर्क को बढ़ाना और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली की सटीकता में वृद्धि करना है । 34 डॉपलर मौसम रेडार के लिए आपूर्ति आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं और इसके अतिरिक्त व्यय वित्त समिति (EFC) ने 53 और डॉपलर मौसम रेडार की खरीद की मंजूरी दे दी है।

(ख) मिशन मौसम को भारत को "मौसम के प्रति तैयार और जलवायु-स्मार्ट" राष्ट्र बनाने के लिए आरंभ किया गया है, जिसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

- प्रेक्षण (स्वस्थाने और सुदूर संवेदन) को सुदृढ़ करना और मॉडल क्षमता में सुधार करना, ताकि चरम और अत्यधिक प्रभावित करने वाले मौसम से जीवन और संपत्ति की सुरक्षा करने की योजना बनाने में सक्षम हो सकें।
- सामाजिक लाभ के लिए विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी और डेटा विज्ञान की बेहतर समझ और उपयोग प्राप्त करना।
- जनता और हितधारकों (न्यूमेरिकल+AI/ML) को सटीक जानकारी देने के लिए हमारे मॉडल/डेटा एसिमिलेशन/HPC में सुधार करना।
- वर्तमान और भविष्य के लिए पृथ्वी प्रणाली विज्ञान में प्रशिक्षित जनशक्ति।
- पूर्वानुमान प्रसारण : समाज के साथ प्रभावी संचार: सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी।

(ग) जी हाँ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से जनता को मौसम की जानकारी प्रदान करने का प्रयास कर रहा है:

- मास मीडिया: रेडियो/टीवी, न्यूज़ पेपर नेटवर्क (एएम, एफएम, कम्युनिटी रेडियो, प्राइवेट टीवी), प्रसार भारती और निजी प्रसारणकर्त्ता
- साप्ताहिक और दैनिक मौसम वीडियो
- इंटरनेट (ई-मेल), FTP
- सार्वजनिक वेबसाइट (mausam.imd.gov.in)
- आईएमडी ऐप्स: मौसम/मेघदूत/दामिनी/रेन अलार्म
- सोशल मीडिया: फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, ब्लॉग

i. X: https://twitter.com/Indiametdept
ii. फेसबुक: https://www.facebook.com/India.Meteorological.Department/
iii. ब्लॉग: https://imdweather1875.wordpress.com/
iv. इंस्टाग्राम: https://www.instagram.com/mausam_nwfc
v. यूट्यूब: https://www.youtube.com/channel/UC_qxTReoq07UVARm87CuyQw

****